## संपादकीय

# फिर वही दरिंदगी

### संवेदनशील समाज में ही महिलाओं की सुरक्षा

एक दुखी महिला जो अभी अपने पति की मृत्यु के दुख से बाहर आकर जिंदगी के टुकड़ों को समेट रही थी। वह बेसहारा, जिसे अपने दो छोटे बच्चों की देखभाल भी करनी है और जीवन उपार्जन के लिए कुछ पैसा भी कमाना है। वह महिला अपने स्वर्गवासी पति की पूर्व कंपनी जो कि मानेसर में स्थित है वहां जाने के लिए एक ऑटो रिक्शा किराये पर लेती है। ऑटो रिक्शा ड्राइवर भांप लेता है कि महिला घर से बाहर निकलने की आदी नहीं है। किंतु ऑटो चालक ने उसकी बेचारगी का लाभ उठाते हुए दो अन्य मित्रों के साथ मिलकर उसका बलात्कार किया और अर्धचेतन अवस्था में उसे छोड़ दिया। 2012 के निर्भया कांड के बाद से जनता का विरोध, लोगों का सड़कों पर उतरना; इतना होने के बावजूद देश में कहीं कुछ नहीं बदला। लोगों की महिलाओं के प्रति क्रूरता और घृणित सोच वैसे की वैसी ही है। सरकार ने कानून और सजाएं सख्त कर दी हैं। इसके बावजूद कक्षा 10 की एक टॉपर किशोरी का रेवाड़ी गांव में बलात्कार करके उसे फेंक दिया गया। विडंबना एक अकेली महिला का बाहर निकलना समाज में आज भी अभिशाप बना हुआ है।

ऐसा क्यों है कि समाज आज भी महिलाओं के लिए सुरक्षित नहीं है। एक बार यह फिर सिद्ध हुआ कि कानून और न्याय व्यवस्था नियमों के पालन में सफल नहीं रही। यहां तक कि पीड़ित व्यक्ति यों में यह विश्वास भी नहीं पैदा कर पाए कि वह न्याय के लिए खुलकर सामने आए और समाज तथा अपराधियों का सामना करें। अपराधियों को सजा दिलाने की कोशिश करें। सिस्टम में कहीं न कहीं ऐसी अड़चन आती है कि जहां पर पीड़ित अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही और दुर्व्यवहार से हार मान जाता है। साथ ही हमारा समाज भी अपने बालकों को यह शिक्षा नहीं दे पा रहा है कि महिलाओं की इज्जत करनी चाहिए और महिलाओं के साथ हो रहे दुर्व्यवहार को रोकने की कोशिश करना हमारा धर्म बनता है।

# वोटर आईडी को आधार से जोड़ने की तैयारी, सुप्रीम कोर्ट के आदेश का इंतजार




नई दिल्ली। मतदाता पहचान पत्र को आधार से लिंक किए जाने के मसले पर जल्द सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया है. याचिकाकर्ता अश्विनी उपाध्याय का कहना था कि ये मसला काफी समय से लंबित है. आधार योजना की वैधता पर फैसला आने के बाद इसे जल्द सुना जाना चाहिए. गौरतलब है कि चुनाव आयोग भी आधार और वोटर आईडी को लिंक करने के पक्ष में है. बता दें, केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री रविशंकर प्रसाद पहले कह चुके हैं कि वे इसके पक्ष में नहीं हैं. उनका कहना है कि दोनों आईडी का इस्तेमाल अलग-अलग सेवाओं के लिए होता है. ऐसे में इन्हें लिंक कराने की जरूरत नहीं है. रविशंकर प्रसाद ने कहा था कि सरकार लोगों पर जासूसी के आरोपों का सामना करने के लिए तैयार नहीं है.

इस संबंध में उन्होंने अपनी राय रखते हुए कहा कि वोटर आईडी कार्ड को इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया के पोर्टल से लिंक किया गया है. यहां से पोलिंग बूथ, एड्रेस जैसी जानकारियां हासिल की जा सकती हैं. जबकि, आधार इन सब जानकारियों के लिए नहीं है. हालांकि, उन्होंने बैंक खातों को आधार से लिंक किए जाने का बचाव किया. प्रसाद के मुताबिक, आधार को बैंक खातों से लिंक करने से पारदर्शिता आएगी. साथ ही कल्याणकारी योजनाओं के लाभों को डीबीटी के जरिए ज्यादा लोगों तक पहुंचाने में भी सहायक होगा. दूसरी तरफ चुनाव आयोग का कहना है कि वोटर आई कार्ड को आधार से जोड़ना चाहिए. ऐसा करने से मतदाता का दोहरे तरीके से विश्वसनीय सत्यापन सुनिश्चित होगा, जिससे फर्जी मतदाता की समस्या नहीं होगी.

चुनाव आयोग का कहना है कि वोटर आई कार्ड में किसी तरह की खामी नहीं है, लेकिन मतदाता कई जगहों पर अलग-अलग मतदान कार्ड बना लेते हैं. हमारा मकसद इसे रोकना है.

# अगले 2 दिन बंद रहेंगे बैंक, आज ही निपटा लें जरूरी काम




नई दिल्ली। अगर आपको भी अगले दो दिन यानी 8 और 9 जनवरी को बैंकों से जुड़ा कोई काम है तो उसे आज ही निपटा लें. पिछले दिनों बैंक कर्मचारियों की हड़ताल के कारण दिसंबर के आखिरी 10 दिन में से बैंक 5 दिन बंद रहे थे. ऐसे में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में कामकाज प्रभावित हुआ था. दिसंबर के बाद अब जनवरी में भी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक कर्मचारियों ने हड़ताल पर जाने का ऐलान किया है. सार्वजनिक बैंकों के कुछ कर्मचारी 8 और 9 जनवरी को देशव्याही हड़ताल में हिस्सा लेंगे.

**बंबई शेयर बाजार को सूचित किया**

बैंक कर्मचारियों ने सरकार की कथित कर्मचारी विरोधी नीतियों के विरोध में 10 केंद्रीय श्रमिक संगठनों के आह्वान पर प्रस्तावित हड़ताल के समर्थन में यह निर्णय लिया है. आईडीबीआई बैंक ने बंबई शेयर बाजार को बताया है कि ऑल इंडिया बैंक एम्प्लाइज एसोसिएशन और बैंक एम्प्लाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया ने 8 और 9 जनवरी के राष्ट्रव्यापी हड़ताल के बारे में इंडियन बैंक एसोसिएशन को सूचित किया है.

**कामकाज प्रभावित होने की उम्मीद**

बैंक ऑफ बड़ौदा ने बंबई शेयर बाजार को अलग से सूचित किया है कि 8 और 9 जनवरी को एआईबीईए और बीईएफआई के हड़ताल के कारण कुछ क्षेत्रों में बैंकों की शाखाओं एवं कार्यालयों में कामकाज प्रभावित हो सकता है.

# सर्जरी से 1 महीने पहले हुए टेस्ट और MRI का भुगतान करेगी इंश्योरेंस कंपनी

नई दिल्ली। मुंबई अगर आप सर्जरी से पहले अलग-अलग टेस्ट के लिए अपनी जेब से भुगतान करते हैं तो आप इस खर्च को अपने मेडिकल इंश्योरेंस से इसे पाने के हकदार हैं. मेडिकल इंश्योरेंसलेने वाले ग्राहकों के पक्ष में यह आदेश महाराष्ट्र के कंज्यूमर फोरम ने दिया है. कंज्यूमर फोरम के आदेश में कहा गया है कि सर्जरी की तारीख से एक महीने पहले कराए गए एमआरआई स्कैन का भी भुगतान भी इंश्योरेंस कंपनी की तरफ से किया जाना चाहिए. उपभोक्ता फोरम ने यह भी साफ किया कि डॉक्टर से परामर्श की फीस और टेस्ट का रिफंड यह कहकर देने से इनकार नहीं किया जा सकता कि वे सर्जरी से एक महीने पहले कराए गए हैं.

# फरवरी से अपने मनपसंद टीवी चैनलों के लिए ही करना होगा भुगतान



नई दिल्ली. डिश और केबल टीवी के उपभोक्ताओं को कई बार उन चैनलों के लिए भी भुगतान करना पड़ता है, जिन्हें वह कभी नहीं देखते. इसकी वजह यह होती है कि वे एक पैक का हिस्सा होते हैं लेकिन अब एक फरवरी से इसमें बदलाव होने वाला है. इस चेंज की डेडलाइन पहले 29 दिसंबर थी लेकिन कंपनियां इसमें सफल नहीं रहीं और ट्राई ने अब 1 फरवरी की तारीख तय की है. टेलिकॉम रेग्युलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने अब नई प्राइसिंग और चैनल सेलेक्शन सिस्टम के लिए सैटलाइट और केबल टीवी ऑपरेटर्स को 31 जनवरी तक का वक्त दिया है. नए सिस्टम के तहत दर्शकों को कोई पैक के लिए रकम चुकाने की बजाय चुनिंदा चैनलों के लिए भुगतान करना होगा. इससे उनके पास अपने मनपसंद चैनल चुनने का विकल्प होगा. अब भी पैक पर ऑफर तो जारी रहेंगे।

# भारत के 200 से अधिक रेलवे स्टेशनों को एयरपोर्ट जैसी सुरक्षा मिलने वाली है



नई दिल्ली। इस नए सिस्टम पर रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स के अधिकारीयों का कहना है, 'अब व अधिक तकनीक का प्रयोग करेंगे. बेहतर निगरानी के लिए सीमित एंट्री वएग्जिट पॉइंट होंगे. चेकिंग के अंदर सामान की स्कैनिंग भी उपलब्ध होगी. लोगों को ट्रेन के समय ले पहले स्टेशन पहुंचने की सलाह दी जाएगी.'

चेकिंग सिस्टम में रियल टाइम फेस रिकग्निशन सॉफ्टवेयर भी होगा, ताकि ज्ञात अपराधियों के प्रति आरपीएफ को सतर्क किया जा सके.

# भारतीय फुटबाल टीम अंत तक लड़ेगी-सुनील छेत्री



अबू धाबी। भारत के रिकॉर्ड गोल स्कोरर सुनील छेत्री ने यहां एएफसी एशियन कप के पहले मैच में थाईलैंड के खिलाफ रविवार को दो गोल करने के बाद माना कि उनके लिए टीम की जीत ही सर्वोच्च प्राथमिकता है और टीम टूर्नामेंट में अंत तक लड़ेगी।

छेत्री के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने थाईलैंड को 4-1 से करारी शिकस्त देते हुए टूर्नामेंट का विजयी आगाज किया। भारत की एशियन कप में आठ मैचों में यह पहली जीत है।

## आज का राशिफल

<u>मेषः</u> आज एकादश लाभ भाव में चन्द्रमा का प्रबल योग बन रहा है। सायं 5 बजे तक कोई खास डील फाइनल हो जाएगी। राज्य से विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है। भौतिक विकास का योग अच्छा है।

<u>वृषभः</u> आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। किसी देवस्थान की यात्रा से मन को सकून मिलेगा। कानूनी विवाद में सफलता मिलेगी, स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद परा म में वृद्धि होगी।

<u>मिथुनः</u> आज का दिन काफी रचनात्मक है। किसी क्रिएटिव काम को पूरा करने में आपका दिन बीतेगा। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है आज वही करने को मिलेगा।

<u>कर्कः</u> आज का दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उसका फल उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। ऑफिस में आपके विचारों के मुताबिक माहौल बना पाएंगे।

<u>सिंहः</u> आज आप काफी व्यस्त रहेंगे। अपने व्यस्त समय से कुछ पल पढ़ाई-लिखाई के लिए निकाल लेना ही अच्छा होगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्यों में रुकावट डालने की कोशिश करेंगे।

<u>कन्याः</u> आज आपसी वार्ता व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें। आस-पास के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का ध्यान रखें। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्मविश्वास के साथ कार्य करें।

<u>तुलाः</u> आज का दिन आपके लिए लाभदायी है। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रोजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है।

<u>वृश्चिकः</u> आर्थिक रूप से आज का दिन बेहतर है। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कार्यशील रहें। परिवार में सुख शांति और स्थिरता का आनंद उठाएं।

<u>धनुः</u> आज का दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाने से बड़ा लाभ होने की आशा है। रोजमर्रा के कामों से परे कुछ नए कामों में हाथ आजमाएं।

<u>मकरः</u> आज का दिन सामान्य है। आज साझेदारी के व्यापार में काफी फायदा मिलेगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निबटाने का आज सुनहरा मौका है। ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखें।

<u>कुंभः</u> आज का दिन अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने का है। मौसम परिवर्तन से शीतोष्ण विकार उत्पन्न हो सकते हैं। खान-पान में लापरवाही बिल्कुल न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा।

<u>मीनः</u> आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर ठीक करने की कोशिश करें।

# गुरु गोविंद सिंह जी के 352वें प्रकाशोत्सव का आगाज 11 जनवरी से



गुरु गोविंद सिंह जी के 352वें प्रकाशोत्सव का आगाज 11 जनवरी से होगा। प्रकाशोत्सव को लेकर गुरुजी के जन्मस्थान, तख्त साहिब को आकर्षक रूप दिया गया है। सतरंगी लाइट से जगमग करता गुरुघर श्रद्धालुओं को लुभा रहा है। पटना साहिब में मेले सा नजारा है। अभी से ही श्रद्धालु पटना साहिब की रौनक देखने पहुंचने लगे हैं। वहीं बाहर से श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। .रविवार को राजधानी के विभिन्न भागों से सैंकड़ों श्रद्धालु गुरुघर पहुंचे। 11 जनवरी से भजन, कीर्तन, अरदास, शस्त्र दर्शन, कवि दरवार, अमृतपान समेत अन्य धार्मिक आयोजन होंगे। तख्त परिसर में विशाल पंडाल भी बनाया जा रहा है।

प्रभातफेरी का सिलसिला जारी ~कंगनघाट में टेंट सिटी व लंगर पंडाल का निर्माण अंतिम चरण में है। प्रभातफेरी का सिलसिला रविवार को भी जारी रहा। इधर, रविवार की दोपहर तख्त परिसर व गुंबद को दमकल की गाड़ियों की मदद से धुलाई की गयी। गायघाट स्थित बड़ा गुरुद्वारा व गुरु का बाग में भी श्रद्धालुओं की भीड़ जुटेगी। यहां लंगर का प्रबंध किया जा रहा है। दोनों गुरुद्वारों को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। .चार प्रकार का हेल्प डेस्क~प्रकाशपर्व में बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए चार प्रकार का हेल्प डेस्क बनेगा। कुल 35 हेल्प डेस्क होंगे।

रविवार को एसएसपी गरिमा मल्लिक ने तख्त साहिब, कंगन घाट समेत अन्य स्थानों का जायजा लिया। पदाधिकारियों व कमेटी के लोगों के साथ तैयारी की समीक्षा भी की।

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया में पहली बार जीती सीरीज रचा इतिहास, सिडनी टेस्ट ड्रॉ, भारत ने 2-1 से जीती सीरीज



भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सिडनी टेस्ट मैच बारिश के कारण ड्रॉ पर खत्म हुआ. टीम इंडिया ने चार मैचों की यह टेस्ट सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली है. इसी के साथ ही भारत ने ऑस्ट्रेलिया की धरती पर इतिहास रच दिया है. भारत 72 साल बाद कंगारुओं के घर में घुस कर उन्हें मात देने में कामयाब रहा.

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सिडनी टेस्ट मैच बारिश के कारण ड्रॉ पर खत्म हुआ. टीम इंडिया ने चार मैचों की यह टेस्ट सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली है. इसी के साथ ही भारत ने ऑस्ट्रेलिया की धरती पर इतिहास रच दिया है. भारत 72 साल बाद कंगारुओं के घर में घुस कर उन्हें मात देने में कामयाब रहा.

भारत ने ऑस्ट्रेलियाई धरती पर 72 साल में पहली बार कोई टेस्ट मैचों की सीरीज जीती है. आजादी के बाद पहली बार कोई भारतीय टीम इस देश में टेस्ट सीरीज जीतने में कामयाब रही है. विराट कोहली की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने इतिहास के सुनहरे पन्नों में अपना नाम दर्ज करा लिया है, क्योंकि जब पहली बार इन दो देशों के बीच टेस्ट सीरीज खेली गई तो मौजूदा भारतीय टीम के खिलाड़ी पैदा भी नहीं हुए थे.

भारत ने एडिलेड में खेला गया पहला टेस्ट मैच 31 रनों से जीता था जबकि पर्थ में हुए दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 146 रनों से हराते हुए वापसी की थी, लेकिन मेलबर्न में विराट की सेना ने पलटवार करते हुए कंगारुओं को 137 रनों से मात देकर टेस्ट सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली. सिडनी में चौथा टेस्ट ड्रॉ रहने पर टीम इंडिया ने 2-1 से ऑस्ट्रेलिया में पहली बार टेस्ट सीरीज जीत ली है.

## चटनी पुलाव बनाने की विधि



खाने के समय पुलाव काफी लोग पसंद करते हैं। आप चाहें तो आपभी आराम से पुलाव बना सकती हैं। आज हम आपको चटनी पुलाव बनाना सिखाएंगे जो कि हरी धनिया और पुदीने से की चटनी से तैयार की जाती है। इस पुलाव का स?वाद काफी चटकीला होता है जो कि आपको बहुत पसंद आएगा। तो जिस दिन आपका कुछ हट कर खाने का दिल चाहे तो, इस चटनी पुलाव को बनाना बिल्कुल भी ना भूलें।

<u>चटनी पुलाव बनाने की सामग्री :</u>

बासमती चावल- 200 ग्राम, तेल- 2 चम्मच, प्याज- 50 ग्राम या 1 मध्यम आकार, बारीक कटी, गाजर- 1 मध्यम, चॉप किया हुआ, आलू- 2 छोटे आकार के, चॉप किये हुए, हल्दी- चम्मच, नींबू का रस- 1 चम्मच, पानी- 1.75 कप, नमक- स्वादअनुसार, ताजी हरी धनिया- 40 ग्राम या 1 कप, पुदीने की पत्ती- 5 ग्राम या द कप, घिसा नारियल- 2 चम्मच, लहसुन- 3 या 4, अदरक- ½ इंच, हरी मिर्च- 2 य 3, जीरा- ½ चम्मच, पानी- 2 या 3 चम?मच, 1 तेज पत्ता, 1 इंच दालचीनी, 2 लौंग 2 हरी इलायची, 3 काली मिर्च

<u>चटनी पुलाव बनाने की विधि :</u>

सबसे पहले चावल को धो लें और फिर उसे 30 मिनट के लिये पानी में भिगो कर रख दें। 30 मिनट के बाद इसमें से पानी छान लें और इसे किनारे रख दें। इसके बाद हरी चटनी बनाएं और किनारे रख दें। अब हम एक प्रेशर कुकर लेंगे, उसमें 2 चम्मच तेल गरम करेंगे। तेल में गरम मसाले डालेंगे और 2 सेकेंड के लिये चलाएंगे। उसके बाद 1 कप बारीक कटी प्याज डाल कर मध्यम आंच पर चलाएंगे और इसे गोल्डन ब्राउन करेंगे। फिर हरी चटनी डाल कर 1 मिनट तक चलाएंगे। उसके बाद सभी कटी सब्जियां मिलाएंगे और 1 मिनट तक पकाएंगे। फिर चावल डाल कर मिक्स करेंगे।

## शब्द सामर्थ्य-41

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | | ■ | | ■ | 6 | | |
| ■ | 7 | | | | ■ | | ■ | |
| 8 | | ■ | ■ | | ■ | 9 | 10 | |
| | ■ | ■ | ■ | 11 | 12 | ■ | | ■ |
| 13 | | | 14 | ■ | 15 | | | ■ |
| | ■ | ■ | 16 | 17 | | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | | ■ | | ■ | 21 | ■ | |
| 22 | | | | | ■ | 23 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 40 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | ■ | मु | ■ | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | र्दा | न | गी | ■ | त | म |
| ली | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ | म | द |
| व | ■ | म | ■ | व | न | ज | ■ | ल |
| ता | क | त | व | र | ■ | मी | ■ | द |
| ■ | ल | ल | क | ■ | क | र | त | ल |

## सू-दोकू-41

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.40का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |